राजस्थान सरकार

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(आर–402) अलेसे–I/ 598 दिनांकः– 22/11/19

## कार्यालय आदेश

श्री रूघाराम गोदारा, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–। (लिंक नं. 1368), का स्थानान्तरण विभागीय आदेश संख्या 130/2018–19 दिनांक 03.03.2019 द्वारा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक), नागौर से कार्यालय प्राचार्य, बांगड़ राजकीय महाविद्यालय, डीडवाना, नागौर में श्री गोकुल प्रसाद वैष्णव, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। के स्थान पर किया गया था, जिसकी अनुपालना में इनके द्वारा दिनांक 06.03.2019 को कार्यग्रहण किया गया। तत्पश्चात् विभागीय आदेश संख्या 414/2019–20 दिनांक 13.06.2019 के द्वारा पुनः इनका स्थानान्तरण कार्यालय प्राचार्य, बांगड़ राजकीय महाविद्यालय, डीडवाना, नागौर से कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, डीडवाना, नागौर में किया गया था, जिसकी अनुपालना में इनके द्वारा दिनांक 17.06.2019 को कार्यग्रहण किया गया। जिला परिवहन अधिकारी, डीडवाना, नागौर में उक्त सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। के रिक्त पद के विरूद्ध कार्यरत सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी (संविदा) का माह मई, 2019 एवं जून, 2019 के नियत पारिश्रमिक का भुगतान किये जाने के कारण श्री गोदारा का माह मई, 2019 एवं जून, 2019 का वेतन आहरित नहीं किया जा सका है।

अतः श्री गोदारा के माह मई, 2019 एवं जून, 2019 का वेतन आहरण कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, नागौर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। के रिक्त पद के विरूद्ध आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(सुरेश कुमार असवाल)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(आर–402) अलेसे–I/ 598 दिनांकः– 22/11/19

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, नागौर को प्रेषित कर अनुरोध है कि श्री रूघाराम गोदारा, स.ले.अ. ग्रेड–I के उक्त अवधि के वेतन आहरण की व्यवस्था करावें।
2. जिला परिवहन अधिकारी, डीडवाना, नागौर।
3. प्राचार्य, बांगड़ राजकीय महाविद्यालय, डीडवाना, नागौर।
4. कोषाधिकारी, नागौर।
5. श्री रूघाराम गोदारा, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I, कार्यालय– जिला परिवहन अधिकारी, डीडवाना, नागौर।
6. अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदय।
7. रक्षित निजी पत्रावली।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक– I)

ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर
Website - dta.raj.nic.in, E-Mail Id - jdp-ta-rj@nic.in Fax-2740735, Tel.- 2744134

D:\2016\Shyam ji\Order.doc79